हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 14 नवंबर 2026

11 महापुरुषों के नाम पर चौक बनने से नई पीढ़ी को



12 नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व



खबर संक्षेप

ठेकेदार बताकर पंजाब के लोग मांग रहे अवैध टैक्स

रतिया। पशु व्यापारियों के समक्ष पेश आ रही समस्याओं और अवैध वसूली के विरोध में ओड़ समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से मुलाकात की। समाज के लोगों ने जलोपुर स्थित पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा के आवास पर प्रदेशाध्यक्ष से मिलकर उन्हें अपनी व्यथा से अवगत करवाया। ओड़ समाज के प्रतिनिधियों ने डॉ. अर्चना गुप्ता को बताया कि उनके पशु बाड़ों पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से टैक्स वसूली की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के कुछ व्यक्ति खुद को पशु ठेकेदार बताते हुए गांव नंगल स्थित उनके पुश्तैनी पशु बाड़ों का ठेका हरियाणा सरकार से लेने का दावा कर रहे हैं।

जुआ खेलते 5 गिरफ्तार 24 हजार नकदी बरामद

फतेहाबाद। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव भूथन कलां में एक खाली प्लॉट पर छापा मारकर ताश के पत्तों पर रुपये लगाकर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 24 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जोगिंद्र सिंह, कुलदीप, नंदपाल उर्फ नंदा और हंसराज निवासी गांव भूथन कलां तथा सीताराम निवासी गांव नाढोड़ी के रूप में हुई है। उपनिरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी बड़ोपल के उपनिरीक्षक सुरेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गांव भूथन कलां बस अड्डे के पास गश्त कर रही थी।

देसी पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। अपराध जांच शाखा टोहाना की टीम ने एक युवक को 32 बोर के अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप सिंह उर्फ कोबरा पुत्र मिठू सिंह निवासी गांव बबनपुर, तहसील रतिया के रूप में हुई है। अपराध जांच शाखा टोहाना प्रभारी निरीक्षक अजय ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक जतिंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम दमकौरा रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि ऋग्वेदा स्कूल के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया।

मारपीट मामले का पांचवा आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। रतिया रोड पर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी गांव भोडिया खेड़ा निवासी सागर पुत्र रमेश कुमार को काबू किया है। प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि एक जुलाई 2026 को प्रिंस कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया था कि वह अपने दो दोस्तों सौरभ और भूप सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रतिया चुंगी की ओर जा रहा था। जब वे एफसीआई गोदाम के पास पहुंचे, तो एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

बोस्ती उप स्वास्थ्य केंद्र चोरी में तीन गिरफ्तार

फतेहाबाद। गांव बोस्ती स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में हुई चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी गांव बोस्ती के ही रहने वाले हैं, जिनकी पहचान सुशील उर्फ लाडू पुत्र भीरभान, सुरेंद्र उर्फ नादर पुत्र रोहताश तथा संदीप उर्फ डेविड पुत्र सोहनलाल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिरथला के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजबीर ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया था कि 17 से 19 अक्टूबर के बीच अज्ञात चोरों ने गांव बोस्ती स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को निशाना बनाया।

जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी सीसीटीवी फुटेज से खुला गिरोह का राज

कबाड़ की आड़ में बाइक चोरी का खेल दो आरोपी गिरफ्तार, 6 बाइक बरामद

चोरी के बाद मोटरसाइकिलों का हुलिया बदलकर कबाड़ ढोने वाले वाहन का देते थे रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उनकी पहचान मिटाने और पुलिस की नजरों से बचने के लिए उन्हें कबाड़ ढोने वाले वाहनों का रूप देने वाले गिरोह का फतेहाबाद पुलिस ने पर्दाफाश किया है। एवीटी स्टाफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की छह मोटरसाइकिल बरामद की हैं। प्रारंभिक जांच में आरोपियों की फतेहाबाद और सिरसा जिले में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी की छह वारदातों में संलिप्तता सामने आई है। मोटरसाइकिलों में बदलाव कर उन्हें कबाड़ ढोने वाले वाहन जैसा बना दिया जाता था, ताकि सडक़ पर चलते समय किसी को उनके चोरी का होने का शक न हो। नागरिक अस्पताल फतेहाबाद से चोरी की गई सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल को भी इसी तरीके से बदल दिया गया था। हालांकि, अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की वारदात कैद हो गई और यही फुटेज पुलिस के लिए अहम सुराग साबित हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एवीटी स्टाफ प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रताप नगर, भट्टू कलां निवासी विजय कुमार पुत्र मंगल सिंह तथा सिरसा के गांव कालांवाली निवासी मनीष कबाड़ी पुत्र रखपाल के रूप में हुई है।



फतेहाबाद। जानकारी देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला।

चोरी की बाइक को कबाड़ ढोने वाले वाहन में बदलते थे आरोपी

आरोपियों द्वारा अपनाए गए तरीके के बारे में एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उसकी मूल पहचान छिपाने के लिए उसके हुलिए में बदलाव किया जाता था। उसे कबाड़ ढोने वाले वाहन जैसा रूप देकर इस्तेमाल किया जाता था। इस तरीके से आरोपी सामान्य वाहन की तरह उसे सडक़ों पर लेकर निकलते थे, जिससे लोगों को उसके चोरी का होने का संदेह नहीं होता था। पुलिस के अनुसार नागरिक अस्पताल से चोरी हुई सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल के साथ भी इसी प्रकार बदलाव किया गया था। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से बरामद मोटरसाइकिलों के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी वाहन चोरी की अन्य किन-किन वारदातों में शामिल रहे हैं और उनके आपराधिक नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

सीसीटीवी से जुटाए पुलिस ने साक्ष्य

एएसपी के अनुसार 20 अक्टूबर को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद परिसर से एक सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। इस संबंध में 24 अक्टूबर को थाना शहर फतेहाबाद में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने अस्पताल परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में आरोपी मोटरसाइकिल चोरी करते दिखाई दिए। एवीटी स्टाफ की टीम ने सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण करते हुए आरोपियों की पहचान की और उनके संबंध में तकनीकी एवं अन्य साक्ष्य जुटाए।



फतेहाबाद। पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में लगी आग। *फोटो: हरिभूमि*

फतेहाबाद के बैजलपुर में पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी आग

- ड्राइवर की सूझबूझ और समझदारी से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के गांव बैजलपुर में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। धान की पराली से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक आग लगने से रिहायशी इलाके के नजदीक अफरा-तफरी और हडक़ंप मच गया। हालांकि, चालक की सूझबूझ, ग्रामीणों की सतर्कता और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा नुकसान होने से बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार, एक ट्रैक्टर चालक गांव मोची चौबारा के खेतों से ट्रॉली में धान की पराली भरकर भूना के हिसार रोड स्थित पराली स्टॉक पॉइंट पर ले जा रहा था। दोपहर के समय जब यह ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव बैजलपुर की फिरनी से गुजर रही थी, तभी ऊपर से गुजर रही बिजली की तारें ट्रॉली में ओवरलोड लदी पराली से छू गईं। तारों के संपर्क में आते ही निकली चिंगारी ने सूखी पराली को अपनी चपेट में ले लिया। जिस स्थान पर यह घटना घटी, उसके बिल्कुल नजदीक घनी रिहायशी आबादी है। चालक ने तत्परता दिखाई और सुलगती हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली को घनी आबादी वाले क्षेत्र से बाहर निकालकर गांव की श्मशान भूमि के पास एक खाली जमीन पर ले गया।

काबू पाया

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। एहतियात के तौर पर ट्रॉली में बची सुलगती पराली को खाली जमीन पर उतरवाकर पूरी तरह शांत किया गया। गनीमत यह रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, वरना बड़ा आवासीय नुकसान हो सकता था।

दो नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से दो तस्कारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्करों की पहचान पंजाब निवासी कुलविंद्र सिंह व सिरसा निवासी महेंद्र कुमार के रूप में हुई है। एचएसएनसीबी डबवाली यूनिट के इंचार्ज राजपाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम डबवाली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुलविंदर सिंह हेरोइन बेचने का काम करता है और रेलवे स्टेशन के पास हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलविंद्र सिंह को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर लिया। एंटी नारकोटिक्स सेल



हेरोइन सहित पकड़ा गया आरोपी युवक।

पुलिस ने सिरसा शहर क्षेत्र से महेंद्र सिंह को हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सरस्वती कॉलोनी की तरफ जा रही थी। रास्ते में एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने लगा। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से छह ग्राम 560 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

दुकान से 70 हजार चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने एडिशनल मंडी सिरसा में एक दुकान के ताले तोडक़र गल्ले से करीब 70 हजार रुपये की नकदी चोरी के आरोपी चार युवकों को गिरफ्तार किया है। ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जून की रात वह एडिशनल मंडी में अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो ताले टूटे हुए मिले। दुकान के अंदर जांच करने पर गल्ले से करीब 70 हजार रुपए की नकदी गायब मिली। थाना शहर सिरसा में अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जेजे कॉलोनी चौकी पुलिस



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

ने जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर चारों आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान जयराम, सुखविंद्र सिंह, गौतम तथा अश्वनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चारों आरोपी नशा करने के आदी हैं और अपनी नशे की जरूरत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते है।

शिकायतों के बावजूद नहीं सुधरे हालात, गड्ढे बने हादसों की वजह

- दुकानों के सामने गंदा पानी जमा होने के कारण ग्राहकों को झेलनी पड़ती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭डिंग

डिंग रोड स्थित मंडी रोड पर गंदे नाले के पानी का रिसाव लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। सडक़ पर जमा गंदा पानी और उसमें बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी के साथ हादसों का खतरा भी बढ़ा रहे हैं। स्थानीय दुकानदार का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। मौके पर सडक़ की हालत देखकर ही बदहाली का अंदाजा लगाया जा सकता है। लगातार रिसाव के चलते सडक़ अनेकों जगह से उखड़ चुकी है। पानी जमा होने के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते और दोपहिया वाहन चालक अचानक संतुलन खो बैठते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, वाहन चालकों को रोजाना इस परेशानी से जूझना पड़ रहा है और गिरकर घायल हो रहे हैं। दुकानदार रामनिवास गिरी,तरुण सोनी, परमजीत सिंह,मुखत्यार सिंह, शेरसिंह, संदीप गिरी ने बताया कि दुकानों के सामने गंदा पानी जमा रहने से ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत होती है। दुर्गंध के कारण दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है।



सिरसा। सडक़ पर जमा गंदा पानी वजह से बने गड्ढे। *फोटो: हरिभूमि*

जिले में अब तक 3.6 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर अब तक 3,62,985 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 99,171 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,88,189 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन ने 75,625 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, अब तक कुल 2,62,335 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जधान खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 49,259 किसान लाभान्वित हुए हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 11,755, हैफेड के माध्यम से 28,793 तथा हसवेका के माध्यम से 8,711 किसान शामिल हैं।

रतिया में बिजली बिल डिफॉल्टरों पर सख्ती

- 2 हजार रुपये से अधिक बकाया वालों से वसूली के लिए बनेंगी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बकाया बिलों की रिकवरी के लिए सख्त रुख अपना लिया है। शुक्रवार को फतेहाबाद डिवीजन के कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार ने रतिया स्थित कार्यालय में उपमंडल अधिकारी अशोक पानू और सभी कनिष्ठ अभियंताओं के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक का मुख्य एजेंडा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित बिजली बिलों की बकाया राशि की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करना रहा। समीक्षा बैठक के दौरान एक्सईएन अशोक कुमार ने कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं की तरफ 2 हजार रुपये या इससे अधिक की राशि बकाया है, उनसे वसूली के लिए तत्काल प्रभाव से विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिकवरी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए फील्ड में अधिकारियों और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित की जाएं और योजनाबद्ध तरीके से बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



रतिया। बिजली बिल रिकवरी को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते एक्सईएन।

अपील की

एक्सईएन ने निर्देश दिए कि सभी जेई और फील्ड स्टाफ आपसी तालमेल के साथ काम करें और दैनिक आधार पर वसूली कार्य में तेजी लाएं, ताकि निगम के राजस्व को बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने आम बिजली उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा या कनेक्शन कटने जैसी कार्रवाई से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। बैठक में रतिया एसडीओ अशोक पानू सहित उपमंडल के सभी कनिष्ठ अभियंता और संबंधित तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा।

तेज रफ्तार गाड़ी ने पुलिस चौकी के बाहर खड़े एसपीओ को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी के बाहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने पुलिस विभाग में तैनात एसपीओ को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक अपनी गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, घायल एसपीओ नरेंद्र सिंह, जो कि ढाबी कलां के रहने वाले हैं, शुक्रवार को गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी के बाहर खड़े थे। इसी दौरान फतेहाबाद की ओर से रतिया की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि एसपीओ गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

जांच जारी

मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार स्कॉर्पियो और उसके चालक की पहचान की जा सके।

ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी के दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस की कार्रवाई जारी है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों आरोपी पंजाब के मानसा जिले के रहने वाले हैं, जिनकी पहचान आदित्य उर्फ गग्गू पुत्र छिंदा राम और निरवैर सिंह पुत्र कहान सिंह निवासी गांव संघा, जिला मानसा के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि 30 अगस्त को सीआईए फतेहाबाद



ठगी के मामले में गिरफ्तार युवक।

की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भट्टकलां में देवीलाल पार्क के पास स्थित रिद्धि-सिद्धि प्रॉपर्टी एवं सोलर कार्यालय पर छापेमारी की थी। इस दौरान ऑनलाइन निवेश के नाम पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले एक बड़े साइबर नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ था।

समस्या

अब तक 34,667 किसानों को 608.48 करोड़ रुपये का किया भुगतान

खरीद बंद होने के डर से आवक बढ़ी, डबवाली-कालांवाली में सबसे ज्यादा दबाव

15 नवंबर की डेडलाइन सिर पर, ढाई लाख क्विंटल धान खरीद के इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला की मंडियों में धान की आवक लगातार जारी है और सरकारी खरीद बंद होने की तारीख भी नजदीक आ गई है। 15 नवंबर को पीआर धान की सरकारी खरीद बंद होनी है। ऐसे में मंडियों में अभी करीब 2.53 लाख क्विंटल धान खरीद के इंतजार में पड़ा है। इनमें बड़ी मात्रा में ऐसी धान भी है, जिसके गेट पास कट चुके हैं। खरीद की अंतिम तारीख नजदीक होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वीरवार को जिले की मंडियों में 1165 किसान 76,366 क्विंटल पीआर धान लेकर पहुंचे। इनमें से 284 किसानों की 20,671 क्विंटल धान खरीदी गई। अब तक 50,108 किसानों की 38.60 लाख क्विंटल धान मंडियों में पहुंच चुकी है। इनमें से 39,088 किसानों की 32.90 लाख क्विंटल धान की खरीद पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद 2.53 लाख क्विंटल धान खरीद के इंतजार में है।



सिरसा। कालांवाली मंडी में खरीद के इंतजार में धान। *फोटो: हरिभूमि*

कालांवाली में 8.36 लाख क्विंटल की आवक

कालांवाली अनाजमंडी में सर्वाधिक 78,475 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। इसके अलावा डबवाली में 63,107 मीट्रिक टन, सिरसा में 27,789 मीट्रिक टन, रोड़ी में 16,590 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद में 11,933 मीट्रिक टन, रानियां में 9,047 मीट्रिक टन, देसूजोधा में 8,341 मीट्रिक टन तथा अबूबशहर में 15,197 मीट्रिक टन धान की खरीद दर्ज की गई है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 2,62,335 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है।

आवक बढ़ी, खरीद एजेंसियों पर दबाव


सरकारी खरीद बंद होने में महज तीन दिन बाकी होने के कारण किसान तेजी से अपनी फसल मंडियों में लेकर पहुंच रहे हैं। किसानों को आशंका है कि 15 नवंबर के बाद सरकारी खरीद बंद हो गई तो उनकी फसल बेचने में परेशानी हो सकती है। मार्केट कमेटी के डीएमईओ राहुल कूंडू ने सभी खरीद एजेंसियों को मंडियों में पहुंची धान की तत्काल खरीद करने के निर्देश दिए हैं। अब तक खरीदी गई धान में से 2.61 लाख मीट्रिक टन यानी 26.10 लाख क्विंटल धान का उठान हो चुका है। उठान के लिए 9095 गेट पास काटे गए हैं। वीरवार को 1031 किसानों के खातों में 17.35 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। अब तक 34,667 किसानों को 608.48 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।



'आवारा पागल दीवाना 2' की शूटिंग जल्द होगी शुरू

मुंबई। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

लाइफ Style



श्रुति

अपनी पसंद छिपाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए

अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी फिल्मों के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी और पसंद-नापसंद पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब पीने की आदत को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिनकी चर्चा हो रही है।

एजेंसी : नई दिल्ली

अभिनेत्री ने साफ कहा कि उन्हें अपने कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में छिपाने या झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। श्रुति ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में बातचीत के दौरान साझा कीं। शो में बातचीत के दौरान श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी सोच स्पष्ट की। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में फैसले लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए। अगर कोई अपनी पसंद से कॉस्मेटिक सर्जरी या किसी दूसरे प्रोसीजर का सहारा लेता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। हालांकि, उन्हें यह समझ नहीं आता कि लोग इसके बारे में सच बताने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने लुक में बदलाव के बावजूद दावा करते हैं कि वे हमेशा से ऐसे ही दिखते थे। श्रुति के मुताबिक जब बदलाव साफ नजर आ रहा हो तो इस तरह की बातें करना अजीब लगता है।

हॉलीवुड मसाला




फ्रेंच फिल्म अकादमी देगी 'मानद सीजर अवार्ड'

लॉस एंजिल्स। फ्रेंच अकादमी ने गुरुवार को घोषणा की कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन को 52वें सीजर अवार्ड समारोह में 'मानद सीजर अवार्ड' दिया जाएगा। फ्रेंच अकादमी ने बताया कि 'बिग लिटिल लाइज' की अभिनेत्री को यह सम्मान 25 फरवरी, 2027 को होने वाले समारोह में दिया जाएगा। फ्रांस की राष्ट्रीय फिल्म अकादमी की तरफ से सिनेमा जगत में आजीवन उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया जाने वाला एक मशहूर अवॉर्ड है।



मैदान के बाद अब पर्दे पर दिखेंगे फुटबॉलर

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुके पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब एक नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। फुटबॉल के मैदान पर अपने शानदार खेल से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले रोनाल्डो अब टीवी की दुनिया में भी नजर आएंगे। उन्होंने अपनी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस सीरीज में फुटबॉल की भी अहम भूमिका होगी। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रिटिश प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मैथ्यू वॉन के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि खुशखबरी! मेरी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' की शूटिंग शुरू हो गई है।



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने


मुंबई। अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती ने आगामी हॉरर फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का पहला लुक सामने आया है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हॉरर कहानी पर आधारित होगी। फिल्म 'स्केरी पिक्चर' पर राणा दग्गुबाती ने एक बातचीत में कहा, 'स्केरी पिक्चर से शुरू करते हुए, हमारा लक्ष्य इस शैली से प्यार करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए निरंतर निर्माण सहायता और रिलीज के अवसर उपलब्ध कराना है। भारत हर शैली में विविधतापूर्ण है, और हॉरर भी इससे अलग नहीं है। हर क्षेत्र के अपने भय, अपनी कहानियां और उन्हें बताने के अपने तरीके हैं। हम हर उपशैली के लिए खुले हैं। मनोवैज्ञानिक, जीव-जंतु, हॉरर-कॉमेडी, सामाजिक हॉरर, या फिल्म निर्माता हमारे सामने जो भी नई कहानियां लेकर आएं।'फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का निर्देशन रवि बाबू ने किया है।



कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा के साथ उनके रिश्ते और फिल्म 'रूपा' की को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब रानी ने सोशल मीडिया पर गोविंदा के साथ 'रूपा' की कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों की नजदीकियां एक बार फिर लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इन तस्वीरों में कहीं गोविंदा अभिनेत्री का हाथ थामे नजर आ रहे हैं, तो किसी में वह एक-दूसरे को देखते हुए पोज दे रहे हैं। रानी स्वर्णकार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रूपा की सुंदर झलकियां।' बता दें कि तस्वीरों में गोविंदा व्हाइट ब्लेजर, काली पैंट और सनग्लासेस पहने नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा



नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्कॉउट ओपी और यंग डीएसए के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव गिल से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। गेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसए ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रापाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्कॉउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाद शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसए ने इस सब का जिम्मेदार लव गिल को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगी।

छठी मईया सुन ली से उठऊ सूरज देव तक, इन गानों के बिना अधूरा है छठ पर्व

नई दिल्ली। बिहार के साथ अब लगभग पूरे देश में छठ पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर हर तरफ छठी मैया के गाने गूंजते हैं। इस पर्व की अहमियत को देखते हुए बॉलीवुड ने भी गाने बनाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में दो फिल्मों में इसके गाने आए हैं।



बुलाए छठी मां- ये प्रेम मोल लिया

इस गाने में छठ पर्व के शानदार विजुअल दिखाए गए हैं। इसे आयुष्मा खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। इसे हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है।

छठ मईया की महिमा- द वन

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसमें छठ पूजा की छलक मिलती है। गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं।

पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया बरत तुहार

शारदा सिन्हा छठ के गानों के लिए काफी मशहूर हैं। यह गाना उन्होंने ही गाना है। गाने में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है: साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है। बाल दिवस के मौके पर इस गाने को स्कूल, कॉलेज में जरूर प्ले किया जाता है।

लकड़ी की काठी : बहुत ही मशहूर गाना है लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा, जो 1983 में आई 'मासूम' फिल्म का गाना है। जिसमें



उर्मिला मातोंडकर और जुगल हंसराज बाल किरदार में हैं। इस गाने को गौरी बापत, गुरप्रीत कौर और वनिता मिश्रा ने गाया है। आज भी ये गाना बच्चों के पसंदीदा गानों में से एक है।

जिद्दी पिद्दी : बच्चे एक होकर क्या नहीं कर सकते, इस गाने में यही दिखाया गया है। बहुत ही एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग मूवी थी ये। इस गाने में बच्चे अंडरवियर पहनकर एक मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं जो उनके सोसायटी के पालतू कुत्ते को मारना चाहता है। जिसमें अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, तन्मय चौधरी, गौरिका राय ने अपनी आवाज दी है।

तारे जमीन पर: बच्चों पर आधारित बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जिसमें आमिर खान लीड एक्टर थे। साल 2008 में आई इस फिल्म की टैग लाइन ही थी कि हर एक बच्चा खास होता है। शंकर महादेवन की आवाज में बहुत ही खूबसूरत गाना है तारे जमीन पर।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि देती है सीख भी

वो छह फिल्में जो बच्चों को सिखाती हैं जीवन का पाठ

नई दिल्ली। आज देशभर में बाल दिवस मनाया जा रहा है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हर कोई अलग-अलग अंदाज में इस खास दिन को सेलिब्रेट कर रहा है। मगर, सिनेमा का अपना अलग रंग होता है। यह सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि आसपास के परिवेश की सीख भी यहां से मिलती है। यूं भी बच्चे देखकर बेहतर तरीके से समझते हैं। अगर आज के दिन बच्चों को कोई फिल्म दिखाने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये फिल्में बेहतर विकल्प हो सकती हैं।



मासूम

वर्ष 1983 में आई यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। यह बच्चों से संबंधित भावुक कर देने वाले विषय पर आधारित है। यह गोद लिए बच्चों की समस्याओं पर बनी है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सुप्रिया पाठक और जुगल हंसराज मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का मशहूर गाना 'लकड़ी की काठी' आज भी बच्चों को काफी पसंद आता है।



तारे जमीं पर

वर्ष 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स को भी जरूर देखनी चाहिए। अगर आपने अब तक न देखी हो तो आज अपने बच्चों के साथ बैठकर इस फिल्म को देख सकते हैं। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म में दिखाया गया है कि हर बच्चा अपने आप में खास है। फिल्म के कुछ दृश्य आपको भावुक कर देंगे और आखिर में एक सीख देंगे।



आई एम कलाम

नीला माधब पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भी दर्शकों की खूब तारीफ बटोरी। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज कर चुकी है। बच्चों को प्रेरित करने के लिहाज से यह एक बेहतरीन फिल्म है। 2011 में आई इस फिल्म में ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़-लिखकर अपने परिवार के काम आना चाहता है।



स्टैनली का डब्बा

2011 में आई अमोल गुप्ते द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी आपका मनोरंजन करने के साथ आपकी आंखें भी नम करेगी। यह फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो हमेशा अपने दोस्त का टिफिन खाता है, लेकिन कभी भी अपने लिए लंच नहीं लाता। आपका बच्चा तो इस फिल्म से खुद को जोड़ ही पाएगा, साथ ही आपको भी अपने पुराने दिनों की याद आ जाएगी।



चिल्लर पार्टी

बच्चों पर आधारित यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। नितेश तिवारी और विकास बहल ने मिलकर इसका निर्देशन किया। फिल्म में अनाथ बच्चों के एक ग्रुप को दिखाया गया है, जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अगर आपको यह साबित करना है कि बच्चे किसी से कम नहीं होते तो आपको अपने बच्चे को यह फिल्म जरूर दिखानी चाहिए।

फ्रोजेन

वर्ष 2013 में आई यह एक कार्टून मूवी है। यह फिल्म एल्सा और ऐना, दो बहनों पर आधारित है। वर्ष 2019 में आया इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'फ्रोजेन 2' भी काफी दिलचस्प है। फिल्म में एल्सा की आवाज प्रियंका चोपड़ा ने दी है और ऐना की आवाज परिणीति चोपड़ा ने दी है।

खबर संक्षेप

जेजेपी ने तेज की स्थापना दिवस रैली की तैयारियां

सिरसा। जननायक जनता पार्टी ने 6 दिसंबर को स्थापना दिवस पर महेंद्रगढ़ में होने वाली रैली की तैयारियां तेज कर दी हैं। जेजेपी प्रमुख अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा शनिवार से जिलावार कार्यक्रम करेंगे। पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि जेजेपी नेता 14 नवंबर को पानीपत, सोनीपत, 15 नवंबर को कुरुक्षेत्र और अंबाला, 17 नवंबर को पंचकुला और यमुनानगर जिले में कार्यक्रम करके रैली का न्योता देंगे। इसी तरह 18 नवंबर को फरीदाबाद और नूंह, 19 नवंबर को भिवानी और दादरी, 20 नवंबर को रोहतक और हांसी, 21 नवंबर को फतेहाबाद, 22 नवंबर को झज्जर और गुरुग्राम, 24 नवंबर को रेवाड़ी और महेन्द्रगढ़, 25 को कैथल, 28 नवंबर को पलवल जिले में कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। इनके अलावा जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला भी विभिन्न हलकों में जाकर ग्रामिणों को रैली का निमंत्रण दे रहे हैं।

भूना अनाज मंडी में चोरी का पर्दाफाश दो काबू

फतेहाबाद। थाना भूना पुलिस ने अनाज मंडी से धान के कट्टे चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज पुत्र महेंद्र निवासी वार्ड नंबर 5, भूना तथा अरविंद पुत्र विक्रम निवासी गांव नाढोड़ी के रूप में हुई है। थाना भूना के प्रभारी उपनिरीक्षक कंवरपाल ने बताया कि भूना निवासी आढ़ती अमित कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 11 नवंबर को जब उन्होंने अनाज मंडी में रखे अपने धान की बोरियों की सुध ली, तो वहां से करीब 50 कट्टे कम मिले। आढ़ती ने इस चोरी के संबंध में संदेह जताते हुए पुलिस से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के आधार पर थाना भूना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों पंकज और अरविंद को धर दबोचा। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरीशुदा धान की बरामदगी और वारदात में संलिप्त अन्य पहलुओं को लेकर गहनता से जांच जारी है।

थाना रोड पर पार्किंग के पास बनेगा महाराजा अजमीढ़ चौक, कवायद शुरू

महापुरुषों के नाम पर चौक बनने से नई पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा : प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के थाना रोड पर पार्किंग के समीप प्रस्तावित महाराजा अजमीढ़ चौक के निर्माण का रास्ता अब साफ होता नजर आ रहा है। करीब दो साल पहले इसी स्थान पर चौक का निर्माण और महाराजा अजमीढ़ की प्रतिमा स्थापित करने के लिए फाउंडेशन बनाने का काम शुरू हुआ था, लेकिन बीच में ही यह कार्य रुकवा दिया गया था। यहां तक कि प्रतिमा स्थापना के लिए बनाई जा रही फाउंडेशन को भी नगर परिषद की ओर से तुड़वा दिया गया था। अब एक बार फिर इसी स्थान पर महाराजा अजमीढ़ के नाम से भव्य चौक बनाने की पहल शुरू की गई है। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने किया।



फतेहाबाद। महाराजा अजमीढ़ चौक का भूमि पूजन करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

दो साल पहले शुरू होकर बीच में ही रुक गया था काम

महाराजा अजमीढ़ चौक का निर्माण इसी स्थान पर दो साल पहले प्रस्तावित किया गया था। उस समय चौक पर महाराजा अजमीढ़ की प्रतिमा स्थापित करने के लिए फाउंडेशन का निर्माण भी शुरू कर दिया गया था, लेकिन कुछ समय बाद अचानक काम रुक गया। उस समय चर्चा रही थी कि एक सत्ताधारी नेता ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया था। बताया जाता है कि नगर परिषद अधिकारियों ने ऊपर से दबाव आने के बाद अवकाश के दिन ही प्रतिमा स्थापना के लिए बनाई जा रही फाउंडेशन को भी तुड़वा दिया था। इसके बाद से चौक निर्माण और प्रतिमा स्थापना की योजना अधर में लटकी हुई थी। अब उसी स्थान पर दोबारा भूमि पूजन होने से स्वर्णकार समाज में खुशी का माहौल है।

चौकों के नामाकरण से युवा पीढ़ी को मिलती हैं उनके आदर्शों की जानकारी

भूमि पूजन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ जी का भारतीय समाज और इतिहास में विशेष एवं गौरवशाली स्थान है। उनके नाम पर शहर में चौक का निर्माण होना पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों और ऐतिहासिक विभूतियों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों और चौकों का नामकरण करने से उनकी स्मृतियां चिरस्थायी बनती हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को उनके जीवन, आदर्शों और समाज के प्रति दिए गए योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि महाराजा अजमीढ़ के नाम पर बनने वाला यह चौक शहर की पहचान में भी एक नया अध्याय जोड़ेगा। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों ने चौक निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए इसे समाज के सम्मान और गौरव से जुड़ा कदम बताया।

सभा के पदाधिकारी और शहरवासी रहे मौजूद

भूमि पूजन कार्यक्रम में स्वर्णकार सभा के प्रधान कृष्ण सोनी, सचिव सुरेंद्र जाखौद, वरिष्ठ उपप्रधान राजेंद्र मानावाली, उपप्रधान ओमप्रकाश सोनी सेवक ज्वैलर्स, कैशियर सुरेंद्र भूथन, समाजसेवी सुनहरी लाल, बबलू, राजेंद्र, बंटी, ओमप्रकाश, जोनी और पटेल सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग और शहरवासी मौजूद रहे। सभी ने चौक निर्माण को लेकर प्रसन्नता जताई और इस कार्य में सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।



रतिया। ई-दिशा केन्द्र का निरीक्षण करते एसडीएम सुरेन्द्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम ने खेल स्टेडियम व ई-दिशा केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

- उन्होंने विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लिया

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय दादी जाखन, राजकीय शहीद देवेंद्र सिंह महिला महाविद्यालय, दादी जाखन में खेल स्टेडियम तथा तहसील कार्यालय स्थित ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं, साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों की पढ़ाई, शैक्षणिक गतिविधियों तथा स्कूल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय शहीद देवेंद्र सिंह महिला महाविद्यालय का निरीक्षण किया और कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों में व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने दादी जाखन खेल स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम में खेल सुविधाओं और रखरखाव की स्थिति का जायजा लेते हुए युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं पर जोर दिया।

लायंस क्लब के नेत्र शिविर में 300 की हुई जांच

55 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

आंखों की रोशनी के महत्व को समझते हुए और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लायंस क्लब रतिया सिटी की ओर से एक विशाल निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।

इस सेवा कार्य के तहत 300 से अधिक मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई, जिनमें से 55 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

इन सभी मरीजों को शंकरा अस्पताल, लुधियाना की बस के जरिए सुरक्षित रूप से ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। इस शिविर में शंकरा अस्पताल लुधियाना की विशेषज्ञ मेडिकल टीम और आसरा फाउंडेशन बरेटा के सदस्यों ने अपना विशेष सहयोग दिया।

कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल मुख्य अतिथि तथा भीष्म भठेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर की सफलता में योगदान देते हुए प्रमोद बंसल ने एक लाख रुपये और भीष्म भटेजा ने 51 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। शिविर में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव गांधी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश बंसल, उमा बंसल, पुनीत बंसल और एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर हरदीप सरकारिया विशेष रूप से पहुंचे।



रतिया। शिविर में अतिथियों को सम्मानित करते क्लब सदस्य।

विशेष पिन लगाकर किया सम्मानित

सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रोजेक्ट चेयरमैन वीरभान बंसल, सुखपाल खैरा, डॉ. सोमचंद गोयल, क्लब अध्यक्ष गोपाल चंद कुलरियां, सचिव सुखचरण दास अरोड़ा और कोषाध्यक्ष विपिन बंसल को विशेष पिन लगाकर सम्मानित किया गया। शिविर की विशेषता यह रही कि सभी चयनित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन का संपूर्ण खर्च पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इसमें मरीजों का लुधियाना आना-जाना, ऑपरेशन, अस्पताल में ठहरने की व्यवस्था, दवाइयां और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीज बिना किसी आर्थिक चिंता के अपनी आंखों का उपचार करवा सकें। इसके अलावा, शिविर में लगभग 500 लोगों ने मां की रसोई में लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा में 19 व 20 नवंबर को होगा युवा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


विजेता राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लेंगे भाग

जिला युवा महोत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, नुक्कड़ नाटक, समूह लोक वाद्य यंत्र, चित्रकला एवं कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि दी जाएगी। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित प्रतिभागियों एवं टीमों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार जिला युवा महोत्सव का आयोजन 19 व 20 नवंबर को चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के सभागार कक्ष में किया जाएगा। युवा महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 16 नवंबर तक बढ़ा दी है।

प्रधानाचार्य सूरज पाल ने जिले के 15 से 29 वर्ष की आयु के सभी युवाओं से अपील की है कि वे इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं को अपनी कला, संस्कृति एवं रचनात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इसके माध्यम से युवाओं को जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा को पहचान दिलाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को सबसे पहले माय भारत पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। आवेदन फॉर्म के साथ आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बैंक पासबुक अथवा रद्द चेक की प्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। समूह प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को टीम के सभी सदस्यों का पूरा विवरण भी आवेदन के साथ जमा करवाना होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक युवा राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

वेयर हाऊस के गोदाम को बाहर करने को लेकर सौंपा मांग पत्र



एआई जेनरेटेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

सर्व समाज रतिया के प्रधान सतपाल जिंदल ने भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को रतिया पहुंचने पर एक मांग पत्र देकर शहर के टोहाना रोड पर बने वेयर हाऊस के गोदाम को शहर से बाहर निकाल कर उनके स्थान पर शॉपिंग कॉम्पलैक्स व पार्किंग बनाने की मांग की है। भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष ने आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी इस मांग को हरियाणा के सीएम के समक्ष रखा जाएगा तथा तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतपाल जिंदल को शाल ओढ़ कर सम्मानित भी किया और जल्द मांग पूरी करवाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर रतिया के विधायक जनरल सिंह ने भी सतपाल जिंदल द्वारा रखी गई मांग का समर्थन करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को मांग पूरी करवाने की बात कही।

छह को निकलेगा ओपीएस संकल्प मार्च पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों ने तेज की लामबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने द्वारा 6 दिसंबर को फतेहाबाद में ओपीएस संकल्प मार्च निकाला जाएगा। इस मार्च के माध्यम से कर्मचारी जिला उपायुक्त के जरिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग उठाएंगे। मार्च की तैयारियों को लेकर पेंशन बहाली संघर्ष समिति की भूना खंड कार्यकारिणी की बैठक खंड प्रधान दलीप भाकर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जसवंत सिंह ने मार्गदर्शन किया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य ऑडिटर विजय भूना ने कहा कि हरियाणा में पुरानी पेंशन योजना बहाल करवाने के लिए समिति पिछले आठ वर्षों से लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने नई पेंशन योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें कर्मचारियों के वेतन का बड़ा हिस्सा और सरकारी खजाने की राशि शेयर बाजार में निवेश की जा रही है। इसके बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को नाममात्र की पेंशन मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा को कमजोर कर रही है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा ने भूना खंड कार्यकारिणी की ओर से की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

ये चुने गए पदाधिकारी

सुनील सांगवान को खंड महासचिव, पीडब्ल्यूडी विभाग के संदीप को वरिष्ठ उपप्रधान और नरेश कुमार को उपप्रधान बनाया गया। रमेश कुमार को संगठन सचिव, होशियार सिंह को मीडिया प्रभारी, मंदीप कुमार और गुलाब रंगा को सचिव, जयपाल सिंह को उपप्रधान, नरेश यादव को सह मीडिया प्रभारी, संदीप कुमार को सह सचिव तथा कृष्ण लम्बोरिया को वरिष्ठ सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर जिला महासचिव अजीत कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विकास पंवार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र डीगवाल, सूरजमल यादव, विजय नागपाल और अनिल इंद्रल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिला रोजगार कार्यालय में 18 को लगेगा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- मेले में एसईएस प्लेसमेंट, भारत फाइनेंशियल तथा पुखराज हेल्थकेयर शिरकत करेंगी
- कंपनियां विभिन्न पदों पर योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों के चयन के लिए साक्षात्कार लेंगी

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आगामी 18 नवंबर को कार्यालय परिसर में एक विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में प्रमुख रूप से एसईएस प्लेसमेंट, भारत फाइनेंशियल तथा पुखराज हेल्थकेयर शिरकत करेंगी। ये कंपनियां विभिन्न पदों पर योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों के चयन के लिए साक्षात्कार लेंगी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए प्रार्थी की शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक पास होनी चाहिए तथा उसका नाम हरियाणा के किसी भी रोजगार कार्यालय में दर्ज होना अनिवार्य है। उन्होंने फतेहाबाद और आसपास के सभी योग्य बेरोजगार युवाओं से आह्वान किया है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। निर्धारित तिथि यानी 18 नवंबर को अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय पंजीकरण प्रमाण पत्र और बायोडाटा के साथ समय पर जिला रोजगार कार्यालय परिसर में पहुंचें।

दैयड़ के आदर्श स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

खंड के गांव दैयड़ स्थित आदर्श स्कूल में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दैयड़ की सरपंच प्रोमिला जांगड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमारे गांव और देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। प्रोमिला जांगड़ा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से स्कूल आना चाहिए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और जीवन में अच्छे संस्कारों को अपनाना चाहिए। हर बच्चे को आगे बढऩे के समान अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें, ताकि वे बड़े होकर अपने माता-पिता, गांव और देश का नाम रोशन कर सकें। स्कूल संचालक विनोद भादू ने मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सभी ने जमकर सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



भट्टूकलां। आदर्श स्कूल दैयड़ में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

धर्म-कर्म भगवान महावीर के 2553वें निर्वाण दिवस पर एसएस जैन सभा डबवाली में धर्मसभा

भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाना ही निर्वाण दिवस की सच्ची सार्थकता: सत्य प्रकाश

- पंजाब, हरियाणा व दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर एसएस जैन सभा मंडी डबवाली में जैन मुनि सत्य प्रकाश महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, संयम और आत्मकल्याण के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जैन संत के दर्शन कर उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए सत्य प्रकाश जी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और जीवन को सही दिशा देने का पावन अवसर है। भगवान महावीर ने संपूर्ण मानवता को अहिंसा, करुणा, क्षमा, त्याग और विश्व मैत्री का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना हजारों वर्ष पूर्व था। उन्होंने कहा कि मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करता रहता है, लेकिन वास्तविक सुख बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि आत्मा की शांति और संतोष में निहित है। जिस व्यक्ति ने अपने क्रोध, मान, माया और लोभ पर विजय प्राप्त कर ली, वही वास्तविक अर्थों में सुखी और समृद्ध है।



डबवाली। एसएस जैन सभा डबवाली में प्रवचन करते सत्यप्रकाश महाराज।

मुक्ति का मार्ग अहिंसा से होकर गुजरता है

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अपने जीवन में कठोर तप, साधना और आत्मसंयम के माध्यम से कर्मों का क्षय कर मोक्ष प्राप्त किया। उनका संपूर्ण जीवन हमें सिखाता है कि आत्मा की मुक्ति का मार्ग त्याग, तपस्या, समता और अहिंसा से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि अहिंसा केवल किसी जीव को शारीरिक कष्ट न पहुंचाने का नाम नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म से किसी के प्रति दुर्भावना नहीं रखना भी सच्ची अहिंसा है। इस अवसर पर मंगल देश के चेयरमैन संदीप जैन, नरेश जैन, चंद्र जैन सिरसा, शिव जैन, पप्पी जैन, सुभाष जैन, राजेश जैन काला, पंकज खेमका, राजेंद्र जैन बिल्लू, कपिल जैन गोठी, सुभाष जैन खेड़ा आदि उपस्थित रहे।

परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू




सिरसा। नहर पर नहाय-खाय के साथ शुरू हुए छठ पर्व पर पूजन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जय मां सरस्वती सेवा समिति सिरसा की ओर से आयोजित छठ पूजन समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को नहाय-खाय की परंपरा के साथ हुआ। चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। समिति के प्रधान महेंद्र कुमार ने बताया कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें सूर्य देव एवं छठी मैया की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की जाती है। पर्व की परंपरा के अनुसार 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को संध्या अघ्र्य तथा 16 नवंबर को प्रातःकालीन सूर्य अघ्र्य अर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह 15 नवंबर को शाम 3.15 बजे हिसार रोड स्थित दिल्ली पुल, सिरसा पर किया जाएगा जिसमें सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया मुख्यातिथि होंगे जबकि जय मां सरस्वती सेवा समिति के संरक्षक प्रो. दयानंद शर्मा समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी कर्ण चावला तथा वार्ड नंबर 16 के पार्षद रणधीर सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि छठ महोत्सव के अवसर पर भव्य भजन संध्या भी होगी जिसमें भजन गायक प्रमोद अकेला एवं अमरेश भोजपुरिया छठी मैया और भगवान सूर्य देव की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर सचिव रामशरण, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, परशुराम यादव, राजकुमार पासवान, चंद्रदेव यादव, आनंद देवदास, अशोक सैनी, राजू प्रसाद, उमेश चंद शुक्ला, बसंत यादव, कपिल देव, सुभाष सिंह, रविंद्र सिंह, प्रमोद दास, अर्जुन प्रसाद, विजय कुमार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

छठ महापर्व की रौनक से गुलजार हुआ डिंग रोड

ढाणी माजरा नहर किनारे सजा बाजार, उमड़े श्रद्धालु





सिरसा। छठ महापर्व को लेकर डिंग रोड पर सजा बाजार तथा खरीदारी करती महिलाएं।

डिंग। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर डिंग रोड और ढाणी माजरा मेजर नहर के आसपास रौनक बढ़ गई है। बिहार और उत्तर प्रदेश से आकर क्षेत्र में मेहनत-मजदूरी करने वाले प्रवासी परिवारों ने छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पर्व को लेकर प्रवासी मजदूरों ने डिंग रोड पर जगह-जगह पूजा सामग्री की दुकानें सजाई हैं, जहां सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बनी हुई है। दुकानों पर छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली बांस की सूप, दउरा, पूजा की टोकरी, नारियल, गन्ना, केला, अनानास, नींबू और अन्य फल-सामग्री उपलब्ध है। पारंपरिक पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर प्रवासी परिवारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, ढाणी माजरा मेजर नहर के पास छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यहां श्रद्धालु डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। प्रवासी परिवारों की आस्था और परंपरा ने डिंग क्षेत्र में छठ महापर्व की अलग ही रौनक पैदा कर दी है। इस आयोजन से क्षेत्र में सांस्कृतिक मेलजोल और आपसी भाईचारे की खूबसूरत तस्वीर भी देखने को मिल रही है।

न्यूज डायरी

धान की खरीद 30 नवंबर तक जारी रखे सरकार: डॉ. जम्मू

सिरसा। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राज्य महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री व कृषिमंत्री कहते हैं कि प्रदेश में सभी फसलों का दाना-दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा मगर धान की फसल जिस तरह इस साल किसान से कम दामों में लूटी जा रही है अपने आप में एक रिकॉर्ड लूट है। नमी के नाम से कम भाव से लूट, भोले किसान की कमीशन एजेंट से शैलर मालिक की मिलीभगत से अधिक तोल से लूट व गुणवता के बहाने कटौती करके किसान को मंडी में बुरी तरह लूटा जा रहा है और किसान बेबस है। डॉ. जम्मू ने कहा कि जो धान बिक चुका है उसका भुगतान किसानों को बीस-बीस दिन के बाद भी नहीं मिल रहा है। किसान को, सरकार का 72 घंटे में भुगतान का दावा भी खोखला साबित हो रहा है। यही नहीं अब शैलर मालिकों का कोटा पूरा होने के बाद सरकारी खरीद एजेंसियां खरीद 15 नवंबर के बाद बंद करने का ऐलान कर रही हैं। किसान के घरों व खेतों में भी अभी थोड़ा बहुत कटाई का धान खड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार खरीद बंद कर देगी तो किसान का धान तो मंडी में प्राइवेट खरीददारों द्वारा पहले से भी बुरी तरह लूटा जाएगा। उन्होंने हरियाणा सरकार से आग्रह किया कि वह अपने वायदे के मुताबिक किसान की पूरी फसल तय भाव में खरीदना सुनिश्चित करे और धान की खरीद को कम से कम 30 नवंबर तक जारी रखे, ताकि किसान को उसकी फसल का पूरा दाम मिल सके।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीडीएलयू की टीम प्रथम

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा सहित राजस्थान के भादरा से आई टीम समेत कुल 28 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीडीएलयू के राजनीति विज्ञान विभाग की टीम ने प्रथम, जेसीडी मेमोरियल कॉलेज की टीम द्वितीय तथा एमएम कॉलेज फतेहाबाद की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रो. सुशील कुमार कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनकी स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता और बौद्धिक कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डीन प्रो. अनु शुक्ला ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. विष्णु भगवान, प्रो. सत्यवान दलाल, प्रो. उमेद, प्रो. अभय गोदारा, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. मंजू नेहरा, प्रो. राजकुमार, प्रो. अमित, डॉ. नीलम, कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र कुमार नुहिया व अन्य मौजूद रहे।

कालांवाली में यूथ मैराथन 22 को ऑनलाइन पंजीकरण जारी

सिरसा। नशामुक्त हरियाणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को खेलों, फिटनेस व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 22 नवंबर को कालांवाली उपमंडल में यूथ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने जिले के युवाओं, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और आमजन से मैराथन में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस तरह के आयोजन युवाओं को खेलों और शारीरिक गतिविधियों से जोडऩे के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से नशामुक्ति का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

स्कूली विद्यार्थियों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोलियां

सिरसा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को पेट के कीड़ों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्कूल के प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे खून की कमी, कमजोरी, भूख न लगना, पेट दर्द और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एल्बेंडाजोल की गोली पेट के कीड़ों को समाप्त करने में सहायक होती हैं। विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार मेहता ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना उनके उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को बीमारियों से बचाने और उनके बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतें अपनाएं और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकों प्रकाश सिंह, रोहित, संदीप, प्रदीप, भूपेंद्र, सूरेंद्र शास्त्री, सुनीता कोहली, दलजीत सिंह, रोहताश कुमार एवं अवतार सिंह ने भी अपने विचार रखे।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान स्कूलों में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

सिरसा। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने और आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का आयोजन 16 नवंबर से 18 दिसंबर 2026 तक विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत इन जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को श्रीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल फूलकां, 17 नवंबर को एवी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सिरसा, 18 नवंबर को गुरुनानक पब्लिक स्कूल सिरसा, 19 नवंबर को रिछपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरेकां और 20 नवंबर को दिल्ली पब्लिक स्कूल सिकंदरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी प्रकार 21 नवंबर को ग्रामीण प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंगाला में कार्यक्रम होगा।



भट्टूकलां। शांति निकेतन स्कूल ढिंगसरा में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

शांति निकेतन स्कूल में मनाया गया बाल दिवस विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

भट्टूकलां। गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन स्कूल के प्रांगण में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित शिक्षकों और साथियों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल और डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने नाटक, नृत्य, गीत-संगीत और कविता पाठ के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक संदेश वाले नाटकों, मनमोहक नृत्यों और मधुर गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कविता पाठ के दौरान बच्चों की अभिव्यक्ति और उनके आत्मविश्वास ने सभी को बेहद प्रभावित किया। प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और मंच पर अपनी बात रखने का साहस बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी गई।

क्रेसंट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, मंच पर सुनाई कविताएं

- देवांशी एवं यशिका ने आत्मविश्वास ओर उत्साह से किया मंच संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों को प्रोत्साहित करते प्रधानाचार्या।

क्रेसंट पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में बाल दिवस के पावन अवसर पर कक्षा चौथी डैफोडिल के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं बाल सुलभ उमंग को अभिव्यक्ति प्रदान करना तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम एवं उनके प्रेरणादायी विचारों को स्मरण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ देवांशी एवं यशिका द्वारा अत्यंत आत्मविश्वास और आकर्षक अंदाज में मंच संचालन के साथ किया गया। वीराज एवं पर्व ने प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से सभी को सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया, वहीं विवान ने बाल दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। हिंदी कविता पाठ के अंतर्गत ऋषुल ने चाचा नेहरू का बच्चों से है बड़ा पुराना नाता; कविता प्रस्तुत की। इस प्रस्तुति को और भी जीवंत बनाते हुए युवराज ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा में उनका किरदार निभाया।

सीएमके के विद्यार्थियों ने संस्थान का चमकाया नाम



सिरसा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- अंतर महाविद्यालय मीडिया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसा के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय मीडिया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की ओर से बीएजेएमसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी रवि तथा द्वितीय वर्ष की छात्राएं काजल और एंजल ने प्रतिभागिता की। सीएमके महाविद्यालय के विद्यार्थियों रवि, काजल और एंजल ने पूरे उत्साह, एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बेहतर तालमेल के परिणामस्वरूप महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या अंशु उप्पल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडिया का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। ऐसे में जनसंचार के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम की जानकारी के साथ-साथ मीडिया के विभिन्न स्वरूपों, नई संचार तकनीकों और समसामयिक घटनाओं की जानकारी रखना भी अत्यंत आवश्यक है। इससे मीडिया के कार्य में आसानी होती है।

विश्व मधुमेह दिवस पर सिरसा में लगेगा परामर्श शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर संजीवनी अस्पताल की ओर से 14 नवंबर को अस्पताल में निशुल्क डायबिटीज परामर्श कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इसमें डायबिटीज से जुड़ी समस्याओं के निदान, नियंत्रण और बचाव के लिए शुगर रोगों के माहिर डॉ. अमीर व डॉ. एंजेला डाइटिशियन चार्ट बनाकर देंगी व डाइट के बारे में बताएंगी एवं विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को



डॉ. अंजनी अग्रवाल।

आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। संजीवनी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अंजनी अग्रवाल ने बताया कि कैंप में आने वाले लोगों की निशुल्क ब्लड शुगर जांच की जाएगी। इसके साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा डा य बि टी ज संबंधी परामर्श, डा य बि टी ज जोखिम का आकलन तथा खानपान और जीवनशैली में आवश्यक बदलावों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

कैंप का उद्देश्य लोगों को मधुमेह के प्रति जागरूक करना और समय रहते बीमारी की पहचान कर उसके उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित करना है।

राज्य शतरंज प्रतियोगिता में रिशांक ने गोल्ड मेडल जीता

- पानीपत में आयोजित अंडर-11 में दिखाई प्रतिभा, शिक्षकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पानीपत में आयोजित अंडर-11 राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुतियाना के विद्यार्थी रिशांक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर सिरसा जिले को गौरवान्वित किया है। रिशांक की इस उपलब्धि से विद्यालय, गांव और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। इस शानदार सफलता पर हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान एवं जिला प्रधान नंदलाल बेनीवाल ने रिशांक को



हार्दिक बधाई दी। उन्होंने रिशांक के माता-पिता तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षक शेर सिंह और छोटूराम को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को यदि सही दिशा, प्रोत्साहन और निरंतर मार्गदर्शन मिले तो वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल बच्चों में एकाग्रता, धैर्य, तार्किक क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करते हैं। रिशांक की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

रतिया पहुंचीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बूथ स्तर पर पार्टी को और सशक्त बनाया जाएगा : गुप्ता

वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने रतिया विधानसभा क्षेत्र का संगठनात्मक दौरा कर आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। रतिया आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता व अन्य वरिष्ठ नेताओं का जोरदार स्वागत किया। दौरे के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने रतिया मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की। बैठक में बूथ स्तर तक पार्टी के ढांचे को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने तथा आगामी कार्ययोजना को धरातल पर उतारने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।



रतिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते वरिष्ठ नेता सुभाष खिलेरी। फोटो : हरिभूमि

योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष का रतिया दौरा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करने वाला है। उन्होंने कहा कि डॉ. गुप्ता के मार्गदर्शन में रतिया विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और सरकार की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री वेद फुलां, जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक प्रो. रविन्द्र बलियाला, मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005